दिन– मंगलवार दिनांक– 10/10/2023

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एशियाई खेलों में शामिल खिलाडियों से आज नई दिल्ली में बातचीत करेंगे। वे खिलाडियों को संबोधित भी करेंगे। एशियाई खेलों में असाधारण उपलब्धि के लिए और भावी प्रतियोगिताओं के लिए खिलाडियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से ये कार्यक्रम आयोजित किया गया है। भारत ने एशियाई खेलों में अट्ठाईस स्वर्ण सहित कुल एक सौ सात पदक जीते। यह पदकों की कुल संख्या के मामले में एशियाई खेलों में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इस कार्यक्रम में एशियाई खेलों में शामिल भारतीय खिलाडी, उनके कोच, भारतीय ओलिम्पिक संघ के अधिकारी और राष्ट्रीय खेल महासंघों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

---

केन्द्र सरकार चालू वित्तीय वर्ष में बिहार को विशेष सहायता मद में नौ हजार छह सौ चालीस करोड़ रुपये देगी। राज्यों को पूंजीगत निवेश के उद्देश्य से यह राशि दी जाती है। यह राशि ब्याज रहित होती है और इसे पचास वर्ष के भीतर केंद्र को वापस करना होता है। इससे विद्यालय भवन, अस्पताल, सड़क और पुल–पुलिया जैसी आधारभूत संरचनाओं का निर्माण किया जा सकता है। वित्त विभाग के अनुसार चालू वित्तीय वर्ष के केंद्रीय बजट में विशेष सहायता मद में एक दशमलव तीन लाख करोड़ रूपये की अनुशंसा की गयी है। राज्यों को आठ किस्तों में यह राशि दी जानी है। बिहार सहित सत्रह राज्यों के लिए इस मद में चौहत्तर हजार तीन सौ चौवन करोड़ का आवंटन हो चुका है।

---

राज्य सरकार ने पैक्स, व्यापार मंडल और सहकारी संस्थाओं को सीएमआर चावल की आपूर्ति के आधार पर प्रबंधकीय अनुदान में बढ़ोतरी की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की हुयी बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। अनुदान की राशि में प्रति क्विंटल दस रूपये से बीस रूपये तक की वृद्धि हुयी है। वहीं, एक अन्य फैसले में कैबिनेट ने राज्य की जेलों में मानसिक रोगियों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आठ मनोचिकित्सक के पद के सृजन को भी मंजूरी दी।

———————————————————————————————

प्रदेश के उत्तर–पश्चिम और दक्षिण–पश्चिम हिस्से से मॉनसून की वापसी हो गयी है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों के अंदर राज्य के अन्य हिस्सों से भी मॉनसून लौट जायेगा। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्से में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुयी है। किशनगंज जिले के टेढ़ागाछ में सबसे अधिक अड़तालीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों में राज्य के उत्तर–मध्य और उत्तर–पूर्वी हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। राज्य के शेष हिस्सों में मौसम शुष्क बना रहेगा।

———————————————————————————————

राज्य में डेंगू के नये मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान डेंगू के एक सौ उन्नीस मरीजों की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पटना में सबसे अधिक तीस मामले मिले हैं। इधर, भागलपुर में सोलह, सारण में पन्द्रह, नवादा में दस और वैशाली में नौ नए मरीजों की पुष्टि हुई है। प्रदेश में डेंगू मरीजों की संख्या नौ हजार से अधिक हो गयी है।

———————————————————————————————

आज विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस है। लोगों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सकारात्मक बदलाव के लिए प्रति वर्ष दस अक्टूबर को यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है– मानसिक स्वास्थ्य; एक सार्वभौमिक मानवाधिकार है। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

———————————————————————————————

मधुबनी जिले के रहिका थाना क्षेत्र अंतर्गत ककरौल स्थित केनरा बैंक की शाखा में अपराधियों ने लूट–पाट के दौरान बैंक के एक कर्मी को गोलीमार कर घायल कर दिया। पुलिस ने बताया कि लूट की घटना का विरोध करने पर अपराधियों ने बैंक में गोलीबारी की। बैंक कर्मियों की तत्परता के कारण अपराधी लूट की घटना को अंजाम नहीं दे सके। इधर, स्थानीय लोगों ने दो अपराधियों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है।

———————————————————————————————

नवादा जिले के रोह थाना क्षेत्र के कुंज गांव में साईबर अपराधी के ठिकाने पर छापेमारी करने पहुंची पुलिस टीम पर असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया। इस हमले में कई पुलिस कर्मी घायल हो गये। आक्रोशित लोगों ने तीन अपराधियों को

पुलिस गिरफ्त से भी छुड़ा लिया। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

————————————————————————————

खगड़िया जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र से पुलिस ने कुख्यात अपराधी संजय सिंह को उसके एक सहयोगी के साथ गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो पिस्तौल और कारतूस बरामद किये गये हैं।

————————————————————————————

लखीसराय जिले के सूर्यगढ़ा थाना क्षेत्र के सैदपुरा गांव के पास से पुलिस ने चार पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो दर्जन से अधिक मवेशी भी बरामद किये गये हैं।

————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।